हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 2 मार्च 2026

06 अधिवक्ता संघ भवनों में लगेगी सोलर प्लेट, राजस्व...



07 मप्र बार काउंसिलिंग पूर्व अध्यक्ष चौधरी का...





## खबर संक्षेप

### शक्ति आराधना समिति का होली मिलन 6 को

**विदिशा।** शक्ति आराधना सेवा समिति के तत्वावधान में 6 मार्च को रंगारंग होली मिलन फुल फाग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में सदस्यों को सहपरिवार आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर 10 वर्षों से एक ही घर में साथ रह रही सास-बहू की जोड़ी को आदर्श परिवार के रूप में सम्मानित किया जाएगा। इच्छुक बहनें अपनी सास या बहू का नाम 3 मार्च तक भेज सकती हैं। कार्यक्रम बायपास स्थित सैफरन पल्स रेस्टोरेंट रहेगा।

### भागवत पाठ व कथा ज्ञान यज्ञ 17 से 25 तक

**विदिशा।** पुरुषोत्तम मास के अवसर पर 17 से 25 मई तक भागवत पाठ एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन होगा। अग्रवाल धर्मशाला में वरिष्ठ समाजसेवी अशोक करतारिया की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। निर्णय अनुसार 17 मई को दोपहर 2 बजे चिंतामणि गणेश मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए अग्रवाल धर्मशाला पहुंचेगी। 18 मई से प्रतिदिन सुबह 9 बजे पूजन एवं दोपहर 2 बजे से संगीतमय कथा वाचन आचार्य विष्णु प्रसाद शास्त्री महाराज करेंगे। 25 मई को हवन, पूजन के साथ समापन होगा।

### इलेक्ट्रीशियन संघ की बैठक में परिचय पत्र बांटे

**विदिशा।** रविवार को इलेक्ट्रीशियन संघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ की जिला स्तरीय बैठक बेहरा बाबा घाट पर आयोजित हुई। कार्यक्रम में संरक्षक महेंद्र सोनी, जिलाध्यक्ष मुकेश चौरसिया, कार्यकारी अध्यक्ष अनिल सिंघवी एवं जिला अध्यक्ष संदीप नामदेव उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिले की सभी तहसीलों में शीघ्र कार्यकारिणी गठित की जाएगी तथा गिग वर्करों के मजदूर कार्ड बनवाए जाएंगे। अतिथियों ने सदस्यों को परिचय पत्र वितरित किए और विद्युत कार्यों की दरें तय करने की घोषणा की। अंत में होली मिलन एवं प्रसादी का आयोजन हुआ।

# खग्रास चंद्र ग्रहण कल, सूतक सुबह 6:20 से, मोक्ष शाम को 6 बजकर 47 मिनट पर

## सिंह, वृषभ, मकर और कर्क राशियों पर रहेगा चंद्र ग्रहण का अशुभ प्रभाव, ग्रहण मोक्ष के बाद दान करें

***चंद्र ग्रहण के कारण इस बार होली खेलने के दिन को लेकर संशय बना हुआ है। आज होलिका दहन के बाद अगले दिन होली खेली जाती, लेकिन इस दिन चंद्र ग्रहण होने के कारण होली का रंग फीका नजर आ रहा है। ग्रहण के कारण एक दिन बाद 4 मार्च को होली खेलने का निर्णय किया है।***

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

3 मार्च मंगलवार फाल्गुन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र सिंह राशि पर खग्रास चंद्र ग्रहण पड़ने जा रहा है। यह ग्रहण भारत के अलावा दक्षिण अफ्रीका दक्षिण अमेरिका म्यानमार एवं बांग्लादेश के पूर्व भाग में दिखाई देगा चंद्रग्रहण 3:20 से शाम 6: 47 तक रहेगा।

भारत के अधिकांश भागों में चंद्रमा ग्रस्त हुआ ही उदय होगा। देश के जिस भाग में जिस समय चंद्रयोदय होगा वहां ग्रहण देखा जा सकेगा। दृश्य गणित के अनुसार विदिशा में 6:22 पर ग्रहण स्पर्श होगा और 6: 47 पर ग्रहण का मोक्ष होगा। धर्माधिकारी पंडित विनोद शास्त्री बताया कि चंद्रग्रहण पूर्णिमा तिथि को पड़ता है। शास्त्रों के अनुसार सूर्य पृथ्वी और चंद्रमा बिल्कुल सीध में एक सरल रेखा में होते हैं। पृथ्वी जब सूर्य और चंद्रमा के बीच आ जाती है और चंद्रमा पृथ्वी की छाया में होकर गुजरता है तब चंद्र ग्रहण होता है। पृथ्वी की छाया चंद्र मंडल को ढक देती है जिससे चंद्रमा में काला मंडल दिखाई पड़ता है। वहीं चंद्र ग्रहण कहा जाता है चंद्र ग्रहण के समय राहु नमक एक दैत्य चंद्र ग्रहण काल में पृथ्वी की छाया में प्रवेश करके चंद्रमा को पीड़ा पहुंचाता है। इस कारण से राहु कृत ग्रहण कहा जाता है। सिंह राशि वालों को यह ग्रहण शुभ नहीं रहेगा मंदिरों के पट प्रातः 6:20 से शाम 6: 47 तक रहेंगे बंद।

### कब पड़ता है चंद्र ग्रहण

ज्योतिष के अनुसार पूर्णिमा को पृथ्वी सूर्य और चंद्रमा के बीच आ जाती है। जिससे शंकुवत छाया चंद्रमा पर पड़ती है या कहिए कि चंद्रमा अपनी गति के कारण पृथ्वी के छाया शंकु में प्रविष्ट हो जाता है जिसके कारण चंद्रमंडल ढक जाता है। संपूर्ण ढकने को चंद्र ग्रहण होता है।

### गर्भवती महिलाओं को रखना चाहिए सावधानी

ग्रहण के समय गेरू का लेप करना चाहिए, गोदी में नारियल रखना चाहिए, सूतक से लेकर ग्रहण मोक्ष तक किसी भी वस्तु को काटना पीटना नहीं चाहिए। ग्रहण के समय तुलसी दल एवं कुशा प्रयोग करना चाहिए। खाद्य पदार्थों में तुलसीदल डालकर रखना चाहिए। ग्रहण का सूतक 12 घंटे पूर्व लगता है और चंद्रग्रहण का सूतक 9 घंटे पूर्व लगता है। सूर्य और चंद्रमा के बीच पृथ्वी होती है और तीनों सूर्य

### 12 राशियों पर का प्रभाव

चंद्र ग्रहण के दिन मिथुन, मेष, मीन, वृश्चिक और तुला राशि पर इसका शुभ फल होगा। वहीं कन्या, धनु, कुंभ मिश्रित फल मिलेगा। सिंह, वृषभ, कर्क, मकर अशुभफल रहेगा। सिंह, वृषभ, मकर, और कर्क ग्रहण के समय भजन कीर्तन करें। ग्रहण मोक्ष के बाद अपनी राशियों के अनुसार दान करें।

■ चंद्र ग्रहण का सूतक 9 घंटे पूर्व लगता है।

### ग्रहण काल भारतीय समय के अनुसार



चंद्र का विरल छाया मे प्रवेश 2 :14
स्पर्श 3 :20
ग्रहण का मोक्ष 6 : 47 यह ग्रहण भारत में चंद्रयोदय से पूर्व प्रारंभ हो जाएगा इससे संपूर्ण भारत में ग्रस्तोदित ग्रहण ही दृश्य होगा

### चंद्र ग्रहण का सूतक

3 मार्च मंगलवार को प्रात : 6 :20 से प्रारंभ हो जाएगी बालक वृद्ध रोगियों को छोड़कर अन्य को भोजन शयनादि नहीं करना चाहिए सूतक काल में मूर्ति स्पर्श भी नहीं करना चाहिए

## करारिया थाना क्षेत्र में हुए हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा

# घर के सामने रहने वाले युवक ने की थी दुष्कर्म के बाद गला घोंटकर हत्या

***कोठीचार खुर्द में एक बुजुर्ग महिला के साथ दुष्कर्म के बाद गला दबाकर हत्या के सनसनीखेज मामले में करारिया पुलिस ने खुलासा कर दिया है। महिला की हत्या करने वाला कोई और नहीं उसके घर के सामने रहने वाला एक युवक ही निकला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।***



विदिशा। तकनीकी साक्ष्य और सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी तक पहुंची करारिया पुलिस।

■ गांवों में महिलाओं की चर्चा का विषय बन गई थी घटना।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

थाना करारिया क्षेत्र के कोठीचार खुर्द में 65 वर्षीय महिला की हत्या के जघन्य मामले का पुलिस ने वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर खुलासा किया है। जांच में सामने आया कि मृतिका के साथ दुष्कर्म करने के बाद गला घोंटकर हत्या की गई थी। आरोपी घर के सामने रहने वाला ही निकला, जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी निरीक्षक सीमा राय के नेतृत्व में की गई। 12 फरवरी को पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की। घटनास्थल से ईंट व बांस की डंडी सहित भौतिक साक्ष्य जब्त किए गए। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटकर हत्या की पुष्टि हुई। एफएसएल रिपोर्ट, सूक्ष्म परीक्षण और डीएनए विश्लेषण से दुष्कर्म की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस ने आगे की जांच शुरू की। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने सर्च अभियान चलाया और करीब 40 गांवों में सर्चिंग की।

जगह जगह लगे करीब 120 सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। तकनीकी विश्लेषण के बाद आखिरकार करारिया पुलिस आरोपी सुरेन्द्र सिंह राजपूत (22) निवासी कोठीचारखुर्द तक पहुंच गई। 1 मार्च को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूरे मामले का खुलासा कर दिया। आरोपी पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस घटना ने ग्रामीण क्षेत्रों में दहशत फैला दी थी। बुजुर्ग महिला के साथ घटित की गई इस घटना के बाद महिलाओं में यह घटना चर्चा का विषय बनीं हुई थी और महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस कर रहीं थी।

## राजस्व मंडल का ऐतिहासिक निर्णय

# निर्णयः मानसरोवर तालाब भूमि प्रकरण में 2016 का आदेश रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

राजस्व मंडल ग्वालियर ने ग्राम ग्यारसपुर स्थित शासकीय मानसरोवर तालाब की बहुचर्चित भूमि मामले में बड़ा फैसला सुनाते हुए वर्ष 2016 के निगरानी आदेश को निरस्त कर दिया है।

प्रकरण के पुनर्विलोकन में सुनवाई करते हुए मंडल ने निगरानी प्रकरण 31 मई 2016 के आदेश को त्रुटिपूर्ण मानते हुए रद्द कर पुनर्विलोकन स्वीकार किया। यह मामला ग्राम ग्यारसपुर तहसील ग्यारसपुर की खसरा क्रमांक 519, रकबा 12.103 हेक्टेयर भूमि से जुड़ा है, जिसे अभिलेखों में मानसरोवर तालाब की सार्वजनिक शासकीय भूमि बताया गया है। आरोप था कि भू-विनिमय के माध्यम से तालाब की भूमि को निजी स्वामित्व दर्शाने का प्रयास किया गया। 4 अप्रैल 2006 को अपर कलेक्टर द्वारा भूमि को शासकीय मानते हुए संबंधित राजस्व प्रविष्टियां निरस्त की गई थीं।

### आदेश को निरस्त कर यह दिया निर्णय

राजस्व मंडल ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि पटवारी द्वारा सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के बिना की गई प्रविष्टियां विधिसम्मत नहीं हैं। वर्ष 1949 की अभिलेखीय स्थिति को आधार मानते हुए शासकीय स्वामित्व को प्राथमिकता दी गई है। गौरतलब है कि भूमि विनिमय के दौरान अनावेदकों को मणिपुर क्षेत्र में मुख्य मार्ग पर भूमि आवंटित हुई थी, जिसका बाद में राष्ट्रीय राजमार्ग 146 के फोरलेन निर्माण हेतु अधिग्रहण कर मुआवजा दिया गया। अब प्रश्न उठ रहा है कि यदि मूल भूमि शासकीय सिद्ध होती है तो क्या शासन मुआवजा राशि की वसूली करेगा। लगभग 28 बीघा भूमि को निरस्त कर शासनाधीन माना गया है। यह निर्णय क्षेत्र में व्यापक चर्चा का विषय बना हुआ है।




# महानीम चौराहा पर चलाया चेकिंग अभियान में 82 वाहनों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद



रविवार को महानीम चौराह पर प्रशासन द्वारा विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

अभियान का नेतृत्व न्यायिक प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट आफरीन यूसुफ जई एवं न्यायिक प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट अब्दुल अजहर अंसारी ने किया। करीब तीन घंटे चले इस अभियान में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 82 वाहनों पर कार्रवाई की गई। इनमें से 25 वाहन चालकों से लगभग एक लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया, जबकि 57 वाहनों को दस्तावेजों की कमी और अन्य अनियमितताओं के कारण पुलिस के सुपुर्द किया गया। चेकिंग के दौरान चौराहे से जुड़े चारों मार्गों पर आधा किलोमीटर दूर तक वाहन खड़े नजर आए, चालक चालानी कार्रवाई से बचने का प्रयास करते दिखे। दो भूसे से ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली पर भी चालानी कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

## मेरा युवा भारत के तत्वावधान में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

# 100 मीटर दौड़ में बालिका वर्ग से सृष्टि व बालक वर्ग से ऋषभ मालवीय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



स्टेडियम में मेरा युवा भारत के तत्वावधान में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया।

खेल महाकुंभ में विदिशा, नटेरन, सिरोंज, गंजबासौदा और कुरवाई विकासखंड के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक मुकेश टंडन तथा जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने किया। प्रतियोगिता के दौरान बालिका वर्ग की खो-खो स्पर्धा में कुरवाई विकासखंड की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि गंजबासौदा की टीम उपविजेता रही। पुरुष वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में विदिशा की टीम ने जीत का परचम लहराया और नटेरन की टीम उपविजेता बनी। 100 मीटर दौड़ में बालिका वर्ग से सृष्टि प्रजापति और बालक वर्ग से ऋषभ मालवीय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक स्पर्धा में बालिका वर्ग से मिनी रघुवंशी तथा बालक वर्ग से संजय राजपूत ने स्वर्ण पदक हासिल किया।

# मुख्यमंत्री मोहन यादव 7 मार्च को शमशाबाद आएंगे, आगमन की तैयारियों में जुटा प्रशासन



**हरिभूमि न्यूज. शमशाबाद।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 7 मार्च को शमशाबाद पहुंचेंगे। दौरे को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर मंच, बैठक, पेयजल, विद्युत, पार्किंग, सुरक्षा और यातायात प्रबंधन की व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के आगमन पर बड़ी संख्या में आने वाली जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने को कहा। इस दौरान नगर परिषद प्रतिनिधि व पार्टी कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।



## खबर संक्षेप

### नदी में नहाते समय डूबने से युवक की मौत

**गंजबासौदा।** रविवार को उदयपुर स्थित केवटन नदी के गड्ढे में नहाने गए युवक प्रियांशु दांगी की डूबने से मौत हो गई। युवक के डूबने की जानकारी लगने के बाद ग्रामीण नदी पर पहुंचे। गोताखोरों ने नदी में डूबे युवक का शव मशक्कत के बाद बाहर निकाला। जानकारी मिलने पर शहर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया।

### बिजली न होने से जल सप्लाई बंद रही

**गंजबासौदा।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा रविवार को रिंग रोड क्षेत्र में पोल शिफ्टिंग, लाइन शिफ्टिंग कार्य एवं आवश्यक रख-रखाव तथा प्रणाली सुधार कार्य होने के कारण सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही। इस अवधि में कंजना फीडर से संबंधित इंडस्ट्रियल फीडर की विद्युत आपूर्ति पूर्णतः बंद रही। साथ ही न्यू मंडी उपकेंद्र से निकलने वाले सभी फीडरों की विद्युत आपूर्ति भी प्रभावित रही। हतोड़ा डीएलएफ फीडर, ड्रीम सिटी फीडर, न्यू मंडी फीडरों से जुड़े उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति निर्धारित अवधि में अस्थायी रूप से बाधित रही। उधर बिजली प्रदाय बंद रहने के कारण नौलखी घाट स्थित नपा के वॉटर वर्क्स पर शाम के समय नगर में जल प्रदाय प्रभावित हुआ।

### युवक को चाकू मारकर किया घायल

**गंजबासौदा।** समीपस्थ ग्राम बरेठ के पास अज्ञात कारण से हुए विवाद में एक युवक ने दूसरे युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया। इस घटना में पीडित युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे लोगों ने उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकीय देखरेख में उसका उपचार किया जा रहा है। खबर लिखे जाने तक इस मामले में पुलिस कार्रवाई जारी है।

## पालकों की लापरवाही बन सकती है मुसीबत ...





**गंजबासौदा।** यातायात पुलिस द्वारा लगातार वाहन चैकिंग अभियान एवं पालकों को समझाईश दी जाती है कि अपने नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने न दें। इसके बावजूद पालक अपने नाबालिग बच्चों को दो पहिया वाहन देकर उनकी जान को जोखिम में डाल रहे हैं। ऐसा ही नजारा रविवार को सुबह के समय देखने को मिला जब स्कूटी और बाइक पर पांच पांच नाबालिग बैठे दिखाई दिए।

## पचमा बायपास पर दर्जन भर कुत्तों से वाहन चालक, रहवासी परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के सबसे व्यस्ततम पचमा बायपास मार्ग पर विचरण करते दर्जन भर आवारा कुत्तों के झुण्ड से वाहन चालक, राहगीर और रहवासी खासे परेशान हैं। दुकानदारों ने बताया कि गली में मीट की दुकानें संचालित होने से कुत्तों को मांस मिलता रहता है। जिससे आसपास की गलियों में विचरण करते रहते हैं। आवारा कुत्ते शाम होते ही गली से होकर गुजरने वाले दो पहिया वाहनों के पीछे पड़ जाते हैं। कई बार दो पहिया वाहन चालक, साइकिल चालक घबरा कर अनियंत्रित हो जाते हैं। वहीं कुत्तों का झुण्ड पैदल राहगीरों के पीछे भी पड़ जाता है। इस दौरान कई पैदल राहगीर घायल हो चुके हैं। यहां के रहवासियों ने नपा से आवारा कुत्तों को पकड़कर नगर से बाहर किए जाने की मांग की है।

### मध्यप्रदेश के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला का हुआ आगमन

# अधिवक्ता संघ भवनों में लगेगी सोलर प्लेट, राजस्व कोर्ट में मिलेगी जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मध्यप्रदेश के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला रविवार को पलोड नगर में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने विदिशा जिले के विभिन्न अभिभाषक संघों के सदस्यों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और दो महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। मुलाकात के दौरान अधिवक्ताओं ने अपनी बुनियादी सुविधाओं को लेकर चर्चा की। मंत्री राकेश शुक्ला ने आश्वासन दिया कि वे अपने विभाग के माध्यम से गंजबासौदा, विदिशा, कुरवाई और लटेरी के अभिभाषक संघ भवनों में सोलर प्लेट लगवाएंगे। इससे बार एसोसिएशन के भवनों को सौर ऊर्जा से बिजली





मिल सकेगी और बिजली बिलों में बड़ी राहत मिलेगी। अभिभाषकों ने मंत्री के सामने राजस्व कोर्ट में बैठने की जगह की कमी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने बताया कि कोर्ट परिसर में जगह न होने से वकीलों को कार्य करने में असुविधा होती है। इस मौके पर पर मंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर राजस्व कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं के लिए सुनिश्चित जगह उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। एडवोकेट धर्मेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि इस दौरान मंत्री के भाई और स्टेट बार काउंसिल चुनाव के प्रत्याशी दिनेश शुक्ला भी मौजूद रहे। उन्होंने उपस्थित वकीलों से आगामी चुनाव में सहयोग की अपील की। इस दौरान अतिरिक्त महाधिवक्ता राजेश शुक्ला, विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता और नागरिक उपस्थित थे।

## भगवान सीताराम, राधा कृष्ण हनुमानजी की हुई प्राण-प्रतिष्ठा

**गंजबासौदा।** गुरु-भक्ति और निःस्वार्थ सेवा का जीवंत उदाहरण रविवार को उस समय सामने आया है जब वर्षों तक गुरु-चरणों में स्वयं को समर्पित रखकर, बिना किसी पद या प्रतिष्ठा की आकांक्षा के सेवा में रमे रहे बलराम दास को संत समाज द्वारा महंत पद पर आसीन किया गया। तप और त्याग की पावन भूमि चित्रकूट में रवि पुष्य नक्षत्र एवं मीन लग्न के शुभ संयोग में स्वयंपाखी आश्रम एक ऐतिहासिक आध्यात्मिक क्षण का साक्षी बना। भगवान सीताराम की प्राण-प्रतिष्ठा, नौ दिवसीय महायज्ञ की पूर्णाहुति और गुरु-भक्ति के प्रतिफल स्वरूप बलराम दास की महंताई इन तीनों पावन प्रसंगों ने वातावरण को अलौकिक बना दिया। ज्ञात हो कि बलराम दास ग्राम रजौदा निवासी है उनके तीन पुत्रों में से दो पुत्र आर्मी में शासकीय सेवा में है जबकि एक पुत्र खेती किसानी संभालते हैं। बलराम दास ने लगभग बाईस वर्ष पूर्व बैराग्य धारण किया। वह संतों की जमात लेकर तीर्थाटन करते थे। संसार की चकाचौंध से दूर, उन्होंने गुरु-चरणों की धूल को ही अपना आभूषण बनाया। आश्रम में उनका जीवन किसी पदाधिकारी का नहीं, एक सेवक का रहा। प्रातः आरती से लेकर रात्रि विश्राम तक, वे गुरु की आज्ञा को ही अपना धर्म मानते रहे। संतों के चरण पखारना, अतिथियों के लिए व्यवस्था करना, यज्ञों में दिन-रात जुटे रहना उनकी साधना यही थी। तपोभूमि चित्रकूट स्थित स्वयंपाखी आश्रम में रवि पुष्य नक्षत्र एवं मीन लग्न के पावन संयोग में भगवान सीताराम की प्राण-प्रतिष्ठा वैदिक विधि-विधान से सम्पन्न हुई। नौ दिवसीय सीताराम महायज्ञ की पूर्णाहुति के साथ पूरा आश्रम परिसर मंत्रोच्चार, शंखध्वनि और "श्रीराम" नाम के जयघोष से गूंज उठा। वैदिक मंत्रोच्चार और हवन-कुंडों की दिव्य अग्नि के बीच 3 लाख 62 हजार "श्रीराम" नाम की आहुतियों के साथ महायज्ञ सम्पन्न हुआ। पूर्णाहुति के समय श्रद्धालुओं की आँखों में आस्था और संतों के मुख पर संतोष झलक रहा था। गर्भगृह में भगवान सीताराम की अचल प्रतिमाओं की विधि-विधान से प्राण-प्रतिष्ठा की गई। जयघोष से समूचा परिसर गूंज उठा। इसी पावन अवसर पर संत समाज ने वर्षों से गुरु-चरणों में समर्पित बलराम दास को महंत पद की चादर ओढ़ाकर आश्रम की जिम्मेदारी सौंपी गई। यह केवल पद-स्थापना नहीं, बल्कि गुरु-भक्ति की साधना का सम्मान था। मध्य प्रदेश के अलावा राजस्थान उत्तर प्रदेश प्रयागराज अयोध्या महाराष्ट्र से पधारे तपस्वी संतों महंतों और महामंडलेश्वरों ने महंताई के दौरान कहा कि रवि पुष्य जैसे सिद्ध योग और मीन लग्न में सम्पन्न यह अनुष्ठान केवल मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा नहीं, बल्कि परंपरा की पुनः प्रतिष्ठा है। महंताई की चादर उनके कंधों पर रखी गई, तो वह सम्मान से अधिक उत्तरदायित्व का प्रतीक बनी। बलराम दास ने भावुक स्वर में कहा कि वे आज भी स्वयं को गुरु का सेवक मानते हैं और आश्रम को भक्ति, सत्संग, गौसेवा और लोकमंगल का केंद्र बनाने का संकल्प निभाएंगे। प्राण प्रतिष्ठा एवं पंचकुंडीय महायज्ञ पंडित केशव शास्त्री के आचार्यातत्व, प्रेमानंद शास्त्री, कुशल शास्त्री, कपिल शास्त्री, आनन्द शास्त्री, गौरव शास्त्री, कुलदीप शास्त्री, दिनेश शास्त्री के सानिध्य में संपन्न हुआ। जिसमें यजमान प्राण सिंह रघुवंशी, रणवीर त्यागी, फतेह सिंह, सुभाष, जसवंत सिंह रघुवंशी, पवन रघुवंशी एवं रामकिशोर दुबे ने आहुतियां दी।



## तीन दिवसीय वर्कशॉप में युवाओं ने लिया भाग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस बायआरसी प्रोग्राम अंतर्गत तीन दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में गंज बासौदा एवं बक्सवाहा के ग्रामीण एवं तहसील स्तर के युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को सशक्त बनाना था। पहले दिन प्रतिभागियों का उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया और जनगीत के माध्यम से सकारात्मक वातावरण तैयार किया गया। हू एम आई एवं सेल्फ कॉन्फिडेंस सत्र के जरिए युवाओं को अपनी पहचान और क्षमताओं को समझने का अवसर मिला। "सीक्रेट फ्रेंड" गतिविधि ने आपसी सहयोग और विश्वास को बढ़ावा दिया। दूसरे दिन आत्मचिंतन गतिविधि के अंतर्गत युवाओं ने अपनी जीवन यात्रा पर विचार कर उसे चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रेरणादायक कहानी के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि छोटी शुरुआत भी बड़ी सफलता का आधार बन सकती है। नेतृत्व सत्र में टीम बनाकर लीडर चयन और जिम्मेदारियों के अभ्यास से नेतृत्व कौशल विकसित किए गए। तीसरे दिन संयम, भावनात्मक समझ और जीवन में सीखी गई बातों को अपनाने पर चर्चा की गई। आयोजक रवि राजपूत, पप्पू पवार, दीपक अग्रवाल, लाली यादव एवं यूथ फेसिलेटर सलोनी चौकसे, प्रदुम्न पंथी, आराधना वाल्टर मौजूद रहीं।

## सिटी पुलिस ने रेल्वे स्टेशन से पचास हजार की ब्राउन शुगर के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर थाना पुलिस ने स्थानीय रेल्वे स्टेशन से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से 4.30 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की है। जिसकी बाजार में कीमत करीब 50 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 के पास माल गोदाम और भैरो बाबा मंदिर के समीप एक युवक ब्राउन शुगर बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। पकड़े गए युवक की पहचान 26 साल के विक्रम राजपूत उर्फ विक्की के रूप में हुई है, जो गीता टॉकीज वाली गली का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी को शनिवार को ही पकड़ लिया था, लेकिन उससे बारीकी से पूछताछ करने के बाद रविवार को केस दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया। पूछताछ के दौरान विक्की ने उन लोगों के नाम भी उजागर किए हैं,



जिनसे वह नशीला पदार्थ खरीदकर लाता था। पुलिस अब उन मुख्य सप्लायरों पर भी शिकंजा कसने की तैयारी कर रही है ताकि नशे के इस नेटवर्क को पूरी तरह खत्म किया जा सके। शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। उन्होंने साफ कहा कि नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि अगर उन्हें नशे के सौदागरों के बारे में जानकारी मिलती है, तो वे तुरंत पुलिस को बताएं। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी संजय वेदिया, दिनेश प्रताप सिंह, शिवभान सिंह, सरमन साहू, अभिषेक शुक्ला, अरुण छारी, सुरजीत जाट, उर्जन राजपूत, सुमित अवस्थी, धर्मेन्द्र चंद्रवंशी, सुरेन्द्र मुवेल, सतेन्द्र तोमर, शिवानी, शिवम परिहार, आजाद सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### पुरानी कृषि उपज मंडी में आयोजित हो रहा पंच कल्याणक महोत्सव

# मुनि विमल सागर महाराज का 7वां निर्जला उपवास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पंच कल्याणक महोत्सव के पांचवे दिन जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ स्वामी के कैवल्य ज्ञान महोत्सव का मंचन किया गया। प्रातः नित्य अभिषेक शांतिधारा और पूजन के उपरांत ज्ञान कल्याणक विधान का आयोजन किया गया है, जिसमें प्रमुख पात्रों के साथ सभी इंद्र और इंद्राणी विधान में शामिल रहे। वहीं नगर में विराजमान मुनि विमल सागर महाराज एवं मुनि अनंत सागर महाराज की मंगल देशना सुनने का अवसर श्रद्धालुओं को प्राप्त हुआ। प्रवचन श्रृंखला के उपरांत कार्यक्रम स्थल पर भगवान आदिनाथ स्वामी की जीवनी पर आधारित नाट्य प्रस्तुति हुई, जिसमें दिखाया गया कि क्यों मुनि दीक्षा के उपरांत मुनि वृषभ सागर महाराज भगवान आदिनाथ को छः माह तक आहार विधि नहीं मिली और कैसे प्रजा ने मुनि महाराज का पड़गाहन करने की विधि जानी। नाट्य प्रस्तुति में दिखाया गया कि राजा श्रेयांश को और राजा सोम को पिछले भव का ज्ञान होने से दिगंबर मुनि महाराज को पड़गाहन विधि का ज्ञान हुआ और विधि पूर्वक पड़गाहन करके मुनि वृषभ सागर महाराज भगवान आदिनाथ को इच्छु रस से प्रथम आहार प्रदान करने का सौभाग्य प्राप्त किया। वहीं पंडाल परिसर में मौजूद हजारों श्रद्धालुओं ने मुनि वृषभ सागर महाराज को इच्छु रस गन्ने के रस से आहार देने का सौभाग्य प्राप्त किया।

वहीं आयोजन समिति द्वारा सभी श्रद्धालुओं को निःशुल्क गन्ने का रस वितरण किया गया। दोपहर को आयोजित कार्यक्रम में मुनि वृषभ सागर महाराज को कैवल्य ज्ञान प्राप्ति का मंचन हुआ जिसमें बताया गया कि जैसे ही भगवान आदिनाथ स्वामी को कैवल्य ज्ञान की प्राप्ति होती है , वैसे ही सौधर्म इंद्र समोशरण की भव्य रचना करता है। इसमें पुण्यात्मा जीव भगवान से अपनी शंका का समाधान प्राप्त कर अपना कल्याण मार्ग प्रशस्त करते हैं। मुनि विमल सागर महाराज अष्टांका महापर्व पर निर्जला उपवास कर कठोर तप कर रहे हैं। मुनि विमल सागर महाराज द्वारा लगातार 7 दिनों से बिना अन्न एवं जल ग्रहण किए उपवास किया जा रहा है। पंच कल्याणक महोत्सव के जैसे विशाल आयोजन में भी मुनिश्री का संपूर्ण सानिध्य समाज को प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव एवं व्यापार महासंघ के अध्यक्ष विपिन तिवारी मौजूद रहे।



## रिपटा घाट पर साप्ताहिक श्रमदान का 21वां चरण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नदी केवल जलधारा नहीं होती, वह सभ्यता की वाहक, आस्था की आधारशिला और जीवन की संवाहिका होती है। इसी भावना को आत्मसात करते हुए श्रमदान दल के सान्निध्य में संचालित साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 का 21 वाँ चरण पूरे उत्साह और समर्पण के साथ सम्पन्न हुआ। प्रातः कालीन बेला में जब सूरज की किरणें जल की सतह पर सुनहरी आभा बिखेर रही थीं, उसी समय श्रमदान दल के सदस्य रिपटा घाट पर एकत्रित हो रहे थे। संकल्प एक, उद्देश्य एक ताकि स्वच्छ हो मां वैत्रवती की जल धार। यह प्रयास दल के सदस्यों द्वारा लगातार कई वर्षों घाट के किनारों पर फैले प्लास्टिक, पॉलीथिन, पूजन सामग्री के अवशेष, कपड़े तथा अन्य अपशिष्टों को एकत्रित किया जा रहा है,जिससे उनका वैज्ञानिक निस्तारण सुनिश्चित हो सके। पांच वर्षों के इस सफर में दल द्वारा सैकड़ों टन प्लास्टिक नदी में प्रवाहित होने से बचाया है। 21 वे चरण की विशेषता रही नदी के प्रवाह क्षेत्र से जलकुंभी हटाने के कार्य का भी आरंभ हुआ।

बता दें कि जलकुंभी एक ऐसी तीव्र गति से फैलने वाली जलीय वनस्पति है, जो कि पानी की सतह में दूषित सामग्री के जमा होने के फलस्वरूप पनपती है और कुछ ही समय में जल की सतह को ढंक लेती है। इससे सूर्य का प्रकाश जल के भीतर नहीं पहुँच पाता, घुलित ऑक्सीजन का स्तर घटता है और जलीय जीवों का जीवन संकट में पड़ जाता है। रविवार को दल के सदस्य घंटों तक कमर और छाती तक पानी में रहकर जलकुंभी को जड़ों सहित उखाड़ते रहे। यह कार्य अत्यंत श्रमसाध्य और जोखिमपूर्ण होता है। नदी स्वच्छता कार्यक्रम में उपस्थित राकेश रघुवंशी, दीपेश शर्मा, नितिन अग्रवाल, नीरज साहू, कुलदीप दांगी, राहुल कुशवाह एवं आकाश जैन ने आगामी होली महोत्सव के अवसर पर नगरवासियों से हृदयस्पर्शी सामूहिक अपील की है कि सभी नगर वासियों का सामूहिक दायित्व है कि घाटों को स्वच्छ रखें। रासायनिक रंगों और प्लास्टिक पैकेजिंग को नदी में



प्रवाहित न करें। घाट किनारे रंग खेलने और रंग धोने से परहेज करें। प्राकृतिक और पर्यावरण-अनुकूल रंगों का उपयोग करें। भारतीय रेल में कार्यरत दल के सदस्य राहुल कुशवाह ने कहा कि पर्वों की पवित्रता तभी बनी रह सकती है जब हम प्रकृति की मर्यादा का भी ध्यान रखें।

क्योंकि आस्था का अर्थ अव्यवस्था नहीं, बल्कि अनुशासन और संवेदनशीलता है। यदि हम अपने उत्सवों को पर्यावरण के अनुकूल बना लें, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और निर्मल नदी का उपहार दे सकते हैं। नीरज साहू ने कहा कि पांच वर्ष और 21 सप्ताह की यह यात्रा अब केवल आँकड़ा नहीं, बल्कि श्रम एवं विश्वास की कहानी है। श्रमदान दल का यह संकल्प है कि जब तक नदी पूर्णतः स्वच्छ और प्रवाहमान नहीं हो जाती, तब तक यह अभियान निरंतर चलता रहेगा। दल ने सभी सामाजिक संगठनों, युवाओं, महिलाओं और जागरूक नागरिकों से आह्वान किया है कि वे इस जनआंदोलन का हिस्सा बनें और जल की महत्व को समझें।

### मुनिश्री का प्रतीक चिन्ह भेंटकर आईजा, जैन समाज व संत सुधा सागर गोशाला सदस्यों ने किया स्वागत

# मप्र बार काउंसिलिंग पूर्व अध्यक्ष चौधरी का तीर्थ क्षेत्र नसिया जी आगमन पर सम्मान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

दिगम्बर जैन जिनोदय तीर्थ क्षेत्र नसिया पर मध्यप्रदेश बार काउंसिलिग के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता विजय चौधरी का आगमन हुआ। इस अवसर पर ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन आईजा,सिरोंज जैन समाज व संत सुधा सागर गौशाला के सदस्यों द्वारा अधिवक्ता विजय चौधरी का भव्य स्वागत किया।

उल्लेखनीय है कि उक्त तीर्थ क्षेत्र राष्ट्रीय संत मुनि श्री 108 सुधा सागर महाराज का पहला तीर्थ क्षेत्र है। जिसे देखकर अधिवक्ता श्री चौधरी भाव विमोर हो गए। वही उन्होने तीर्थ क्षेत्र नसिया जी पर बहुवली भगवान की पूजा अर्चना की। तो वही जब वह नसिया जी पर स्थित संत सुधा सागर गौशाला पहुचें और गौशाला के सदस्यो द्वारा की जा रही गौसेवा को उन्होने देखा तो सभी सदस्यों की भूरी भूरी प्रसन्नसा की। साथ ही उन्होने नसिया जी पर विराजमान मुनि श्री 108 निरंजन सागर महाराज का श्रीफल भेंटकर आर्शीवाद प्राप्त किया।

### राष्ट्रीय संत मुनिश्री सुधा सागर महाराज का भेंट किया प्रतीक चिन्ह

इस अवसर तीर्थ क्षेत्र नसिया जी पर पधारे वरिष्ठ अधिवक्ता विजय चौधरी का आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी,आईजा प्रदेश सचिव डॉ राजीव जैन बंटी,भोपाल संभाग अध्यक्ष सौरभ जैन गुलाबगंज,नरेन्द्र जैन,नितिन जैन नगर,संजय जैन सियलपुर,अंकित जैन भौरिया,धर्नेश जैन,आहान जैन आदि ने राष्ट्रीय संत मुनि 108 सुधा सागर महाराज का प्रतिचिन्ह भेंटकर भव्य स्वागत व सम्मान किया। इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एड राजीव जैन सैनानी ने कहा कि आज बडा गौरव भरा दिन है कि हमारे तीर्थ क्षेत्र नसिया जी पर जैन समाज के गौरव वरिष्ठ अधिवक्ता विजय चौधरी का आगमन हुआ। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता विजय चौधरी ने तीर्थ क्षेत्र नसिया जी की भूरी-भूरी प्रसन्नसा करते हुए बताया कि सिरोंज नसिया जी मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज का प्रथम तीर्थ क्षेत्र है और उनकी ही प्रभावना व आर्शीवाद से पूरे भोपाल संभाग में जैन समाज यह तीर्थ क्षेत्र सबसे बडा तीर्थ क्षेत्र है।

### जहां सन्नाटा रहता था वहां आज गूंज रहे आरती के सुर

वही आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एड राजीव जैन सैनानी ने कहा कि जगत पूज्य मुनि श्री सुधा सागर महाराज की चर्चा छिड़ते ही सचमुच कलम ऐसे भागती है मानो किसी ने उसमें पहिये जड़ दिए हों और श्याही की जगह पेट्रोल भर दिया हो। शब्द खुद-ब-खुद पंक्तिबद्ध हो जाते हैं, भावनाएँ सलामी देने लगती हैं और हृदय श्रद्धा से भीग जाता है। अक्सर मैं स्वयं भी चकित रह जाता हूँ कि ह्रजगत पूज्यह्न नाम का यह संत जब किसी भी क्षेत्र की धरती पर चरण रखते हैं तो मानो वहाँ की मिट्टी भी सजग हो उठती है। मंदिर हो तो उसकी दीवारें मुस्कुरा उठती हैं,मूर्तियाँ हों तो उनका तेज दोगुना हो जाता है, व्यवस्था हो तो अनुशासन का रंग चढ़ जाता है और सब कुछ एकदम फर्स्ट क्लास मैंने ऐसे-ऐसे तीर्थ देखे हैं जो कभी वैभव और सुंदरता की मिसाल थे पर समय की धूल और व्यवस्थाओं की लाल फीता शाही ने उन्हें जीर्ण-शीर्ण बना दिया। बड़े-बड़े साधक आए,दर्शन दिए, नियति मानकर आगे बढ़ गए। पर जब जगत पूज्य पहुँचे, तो उन्होंने उस जर्जरता को भाग्य नहीं, चुनौती माना और चुनौती भी ऐसी जिसे स्वीकार कर इतिहास लिख दिया। उन्होंने केवल सुधार नहीं किया इस तीर्थ क्षेत्र का कायाकल्प कर दिया। जो क्षेत्र उपेक्षा की छाया में थे, वे आज पाँच सितारा आभा से दमकते तीर्थ बन गए। जहाँ सन्नाटा था, वहाँ आज आरती की गूँज है। जहाँ निराशा थी, वहाँ आज नव-उत्साह का प्रकाश है और मैं किसी एक क्षेत्र की बात नहीं कर रहा। ऐसे सैकड़ों उदाहरण हैं जहाँ उनके आगमन मात्र से सूखी डालियाँ फिर से पल्लवित हो उठीं। यह केवल संगठन कौशल नहीं, यह संकल्प की साधना है। यह केवल व्यवस्थापन नहीं, यह पुण्य की पराकाष्ठा है। उनका स्वयं का पुण्य-प्रताप इतना विस्तृत हो चुका है कि तुलना करना भी तुलना का अपमान होगा।




## सिरोंज में पहली बार अष्टान्हिका महापर्व श्री 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान का 51 समवशरण का भव्य आयोजन हुआ

**सिरोंज।** नगर में पहली तीर्थ क्षेत्र नसिया जी पर अष्टान्हिका महापर्व श्री 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान का 51 समवशरण का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस भव्य आयोजन के लिए सिरोंज जैन समाज ने पूरे तीर्थ क्षेत्र को सुन्दर तरीके से सजाया गया है। जो कि आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। इस भव्य आयोजन में शामिल होने के लिए सिरोंज,आरोन,लटेरी सहित आसपास के क्षेत्रो से बडी संख्या में जैन समाजजन पहुच रहें। वही रात्रि में होने वाली महाआरती में जैन समाजजन अपने घरों से दीपक लेकर पहुचते। पूज्य गुरुदेव आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद व नवाचार्य श्री 108 समय सागर जी महाराज के आशीर्वाद से अज्ञानुवर्ती शिष्य पूज्य मुनि श्री 108 निरंजन सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद व प्रतिष्ठाचारी बालब्रह्मचारी पारस भैया जी के निर्देशन में यह भव्य आयोजन हो रहा है। तो वही रविवार को 256 अर्घ के साथ विधान की पांचवी पूजा पूर्ण हुई और 51 भव्य समवशरण में विधान की भव्यता बनी रही। इन्द्र इंद्राणियों का समूह उत्साह से झूमता देखा गया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी डॉ राजीव जैन बंटी ने बताया कि भक्ति में समस्त कार्यक्रम निश्चित समय पर चल रहे है प्रातः काल अभिषेक शांति धारा,पूजन,नंदीश्वर पूजन उसके पश्चात सिद्ध भक्ति एवं विधान का कार्यक्रम उसके पश्चात पूज्य गुरुदेव के मंगल प्रवचन में कर्मों पर आधारित जैन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जैन दर्शन में सारी व्यवस्थाएं कर्मों पर आधारित है ह्रकर्म प्रधान जगत करि राखा जो जस कई तसई फल चाखाह्न पर कर्म का बंधन और बंधन से मुक्ति का सिद्धांत बड़ा ही वैज्ञानिक तरीके से बना हुआ है,जैसा कर्म का बंधन किया। उसी प्रकार से फल भोगना पड़ेगा यह भी आवश्यक नहीं है। उसे भी पुरुषार्थ से हम परिवर्तित कर सकते हैं हमें भी यही पुरुषार्थ करना है संपूर्ण जैन समाज द्वारा आयोजन में वढ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। प्रत्येक शाम को 7 बजे महा आरती का आयोजन,सिद्ध चक्र महामंडल विधान की भव्य महाआरती सभी समाजजन की ओर से हो रही है। जिसमें पूरी सामाजिक एकत्रित होकर कार्यक्रम को भव्य बना रही है। अभी तक सिरोंज में ऐसा कभी कार्य नहीं हुआ जिसमें 51 समवशरण मंडल विधान हुआ हो। वही महिला मंडल की सदस्यो ने कहा कि ऐसा महान आयोजन में सहभागी बनकर हम पुण्य का कार्य कर रहे है।

## 9 वर्षीय गुमशुदा बालिका 3 घंटे में दस्तयाब, पुलिस की कार्रवाई से परिजनों को मिली राहत की सांस

### आमजन से अपील-अफवाह से दूर रहें संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज




28 फरवरी शाम लगभग 4:30 बजे पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि 09 वर्षीय बालिका घर से लापता हो गई है। तो वही बालिका के लापता होने की सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी सिरोंज सुश्री सोनू डावर के मार्गदर्शन में थाना लटेरी,सिरोंज,आनंदपुर एवं उनारसीकलाँ के थाना प्रभारियों को पुलिस बल सहित तत्काल मौके पर रवाना किया गया। पुलिस द्वारा ग्राम एवं आसपास के खेत,कुएं,जंगल आदि क्षेत्रों में सघन तलाश की गई। साथ ही गांव के बाहर जाने वाले मार्गों एवं आसपास के गांवों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई। वही परिजनों को पुराने मकान की पुनः गहनता से तलाशी लेने हेतु कहा गया। वही रात्रि लगभग 7:30 बजे तलाशी के दौरान बालिका गांव के पुराने मकान में भूसे वाले कमरे में छिपी हुई सकुशल मिली। पूछताछ में बालिका ने बताया कि वह स्कूल नहीं गई थी और चचेरी बहन द्वारा डांटे जाने के डर से अंधेरे कमरे में छिप गई थी, जहां उसे नींद लग गई। बालिका के साथ किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना या दुर्घटना नहीं हुई है। बालिका को सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द किया गया तथा परिवार को बालिका की उचित देखरेख हेतु समझाइश दी गई। तो वही मौके पर एकत्रित ग्रामीणों को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ प्रशांत चौबे द्वारा समझाइश दी गई कि बच्चा चोरी जैसी भ्रामक अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल डॉयल 112 या नजदीकी पुलिस थाना को दें। साथ ही गांव के प्रवेश एवं निकास मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की पहल करने हेतु भी प्रेरित किया गया। इस मौके पर थाना प्रभारी सिरोंज निरीक्षक विमलेश राय, थाना प्रभारी मुरवास उनि लक्ष्मण डावर,थाना प्रभारी लटेरी उनि जय कुमार सिंह,थाना प्रभारी आनंदपुर उनि अनूज प्रताप सिंह,थाना प्रभारी उनरसीकला उनि गोसिया सुल्तान,प्रधान आरक्षक संजेश,आरक्षक रवि,आरक्षक गुलशन,थाना मुरवास,थाना लटेरी से आरक्षक अमर एवं आरक्षक राहुल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर पुलिस ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अफवाहो से बचें और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना दें।

### रेडक्रॉस सोसाइटी का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

## बंसल हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने किया परीक्षण, 250 से अधिक को दिया परामर्श



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

रविवार को पुरानी अस्पताल स्थित ब्लड बैंक परिसर में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में बंसल हॉस्पिटल, भोपाल के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने विभिन्न बीमारियों से पीड़ित मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर अंशुल गुप्ता सहित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर अतिथियों का स्वागत किया गया। शिविर का संचालन सुमन सोनी ने किया। शिविर में हड्डी रोग, स्त्री रोग, बाल रोग, हृदय रोग, कैंसर, मानसिक रोग, फिजियोथेरेपी, होम्योपैथी एवं आयुर्वेद सहित विभिन्न विशेषज्ञताओं के डॉक्टरों ने सेवाएं दीं। मरीजों का पंजीयन कर उनकी समस्या के अनुसार संबंधित डॉक्टर से परामर्श कराया गया। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार के शिविरों से आमजन को बड़े अस्पतालों के विशेषज्ञ डॉक्टरों से सीधे परामर्श का लाभ मिलता है। वहीं राजेश जैन ने बताया कि आगे भी ऐसे परामर्श शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि शहरवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं स्थानीय स्तर पर मिल सकें। शिविर में बड़ी संख्या में रेड क्रॉस के सदस्य एवं नागरिक उपस्थित रहे।

### युवा कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास परिषद की बैठक में नए अध्यक्ष, सचिव का गठन

## राजकुमार अध्यक्ष, सुरेंद्र सचिव नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



नीमताल क्षेत्र स्थित कान्यकुब्ज धर्मशाला में रविवार को युवा कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास परिषद की बैठक हुई। बैठक का उद्देश्य परिषद की युवा इकाई के अध्यक्ष एवं सचिव पदों का पुनर्गठन करना रहा। बैठक में समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं और सक्रिय सदस्यों की उपस्थिति में विचार-विमर्श किया।

सर्वसम्मति से राजकुमार दुबे (बामनखेड़ा) को युवा अध्यक्ष तथा सुरेन्द्र उपाध्याय (खाईखेड़ा) को युवा सचिव नियुक्त किया गया। उपस्थित सदस्यों ने नव-नियुक्त पदाधिकारियों पर भरोसा जताते हुए उनसे समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा की। बैठक के दौरान पूर्व अध्यक्ष नीतेश तिवारी (रिनियां) ने अपने कार्यकाल का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। उन्होंने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को और सशक्त बनाने का आह्वान किया। बैठक में समाज के विभिन्न ग्रामों से आए सदस्यों ने अपने सुझाव रखे और सामाजिक एकता, युवाओं की भागीदारी तथा भविष्य की कार्ययोजनाओं पर चर्चा की।

### कॉलोनियों के नाम जोड़ने 2 दिन में दस्तावेज उपलब्ध कराने के निर्देश

**विदिशा।** जिले में अचल संपत्तियों की दरों के निर्धारण हेतु वर्ष 2026–27 की गाइडलाइन तैयार करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इस संबंध में वरिष्ठ जिला पंजीयक श्रीमती क्षिप्रा सेन ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन कॉलोनाइजरों एवं बिल्डरों को अपनी कॉलोनी का नाम आगामी गाइडलाइन में शामिल कराना है, वे आवश्यक दस्तावेज निर्धारित समय–सीमा में प्रस्तुत करें। उन्होंने बताया कि कॉलोनी का नाम गाइडलाइन में जोड़ने के लिए आवेदन पत्र के साथ कॉलोनी की विधिवत स्वीकृति, ले–आउट प्लान, संबंधित सक्षम प्राधिकारी की अनुमति एवं अन्य आवश्यक अभिलेख संलग्न करना अनिवार्य होगा। इच्छुक आवेदक अगले दो दिवस के भीतर आवेदन एवं संपूर्ण दस्तावेज जिला पंजीयक एवं संबंधित उप पंजीयक कार्यालय में जमा कर सकते हैं। वरिष्ठ जिला पंजीयक ने स्पष्ट किया कि निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सभी कॉलोनाइजर एवं बिल्डर समय–सीमा का पालन सुनिश्चित करें, ताकि उनकी कॉलोनी का नाम वर्ष 2026–27 की गाइडलाइन में विधिवत रूप से शामिल किया जा सके।

### घर बैठे ऑनलाइन अध्ययन से मिली बड़ी सफलता

## विदिशा की सुनीति जैन और परी राठौड़ ने उत्तीर्ण की सीएस परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा





दिसंबर में आयोजित कंपनी सेक्रेटरी (सीएस) प्रोफेशनल एवं एग्जीक्यूटिव परीक्षा के परिणाम 25 फरवरी को जारी हुए, जिसमें विदिशा की दो छात्राओं ने सफलता हासिल कर जिले का नाम रोशन किया।

परीक्षा में एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम लेवल-2 में परी राठौड़ तथा प्रोफेशनल स्तर पर सुनीति जैन ने सफलता प्राप्त की। यह परीक्षा अपनी कड़ी मूल्यांकन प्रणाली के लिए जानी जाती है, जिसमें सीमित विद्यार्थी ही एक प्रयास में सफल हो पाते हैं। रेलवे स्टेशन क्षेत्र निवासी सुनीति जैन ने बताया कि उन्होंने ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से तैयारी शुरू की। प्रारंभिक असफलता के बाद उन्होंने बेहतर समय प्रबंधन और अनुशासित अध्ययन से दोबारा तैयारी की। उनका कहना है कि मैनेजमेंट में ही असली सफलता छिपी है। वहीं परी राठौड़ ने सीमित संसाधनों के बावजूद घर से ऑनलाइन अध्ययन, नियमित समय-सारणी, मॉक टेस्ट और स्वयं के नोट्स के सहारे सफलता पाई। दोनों छात्राओं ने अपनी उपलब्धि का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया।

### राजस्व अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा आज

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियो के कार्यों की मासिक समीक्षा आज होगी। यह बैठक कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में सुबह 11 बजे से शुरू होगी।

### मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग परीक्षा संपन्न

**सागर।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के द्वारा आयोजित परीक्षा में सागर के सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुई। मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा निर्देशों का पालन करते हुए परीक्षा को संपन्न कराया गया।

## यूजीसी नियमों के समर्थन में संयुक्त मोर्चा की रैली, राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा, शीघ्र लागू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



केंद्र सरकार द्वारा लाए गए यूजीसी बिल के समर्थन में ओबीसी, एससी-एसटी संयुक्त मोर्चा ने रविवार को एक रैली निकाली। यह रैली माधवगंज क्षेत्र से शुरू होकर कलेक्ट्रेट पहुंची, जहां राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया।

संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष रविंद्र यादव ने बताया कि यह कानून शिक्षा में पारदर्शिता, समानता और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के निर्देशों और शैक्षणिक संस्थानों में सामने आए शोषण के मामलों के मद्देनजर सरकार ने यह बिल पेश किया है। मोर्चा ने केंद्र सरकार को धन्यवाद देते हुए इस बिल को शीघ्र लागू करने की मांग की। मोर्चा के सदस्यों ने बताया कि देश के कई उच्च शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों के साथ भेदभाव और शोषण की शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं। इन स्थितियों के कारण कई छात्रों को अपनी पढ़ाई बीच में छोड़नी पड़ती है।

### सकारात्मक पहल बताया

मोर्चा के सदस्यों का मानना है कि यह बिल युवाओं के हित में एक सकारात्मक पहल है, जो शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करेगा और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देगा। पदाधिकारियों ने जोर दिया कि शिक्षा के माध्यम से ही देश का भविष्य निर्धारित होता है और युवा राष्ट्र निर्माण की धुरी हैं। उनका तर्क है कि युवाओं को समान अवसर और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण मिलने पर ही देश उन्नति कर पाएगा। इस अवसर पर विभिन्न समाजों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। संयुक्त मोर्चा ने यह भी स्पष्ट किया कि वे यूजीसी बिल को जल्द लागू किए जाने तक अपना समर्थन जारी रखेंगे।

## आजीविका मिशन के होली उत्सव मेले का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई



जनपद पंचायत कुरवाई में होली के पावन अवसर पर मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, जनपद पंचायत कूरवाई द्वारा आयोजित होली उत्सव मेले का शुभारंभ विधायक हरि सिंह सप्रे, विधायक प्रतिनिधि सीताराम सैनी दिनेश शर्मा एवं विधानसभा संयोजक विनोद जैन द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में एस.डी.एम. मनीष जैन, आयुष अग्रवाल (मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत कूरवाई) की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत हुई। ब्लॉक प्रबंधक रीना परमार द्वारा विधायक एवं समस्त अतिथियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया।

विधायक द्वारा आजीविका समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों जैसे हर्बल गुलाल, पापड़, गुजिया, नमकीन, मठरी, घी, अचार, मिठाई आदि का निरीक्षण किया गया तथा स्व-सहायता समूहों की दीदियों के प्रयासों की सराहना की गई। मेले में ब्लॉक स्तर के 35 स्व-सहायता समूहों द्वारा विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। यह होली उत्सव मेला 2 मार्च से 10 मार्च तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक संचालित रहेगा। मेले के पहले दिन ही बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर खरीदारी की। कार्यक्रम में आजीविका मिशन के सहायक परियोजना प्रबंधक प्रदीप झा, प्रेमनारायण अहिरवार, संदीप अहिरवार, सौरभ कुशवाह, द्वारका प्रसाद सक्सेना सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सहयोग रहा।

## शहर में लगभग 70 से अधिक स्थानों पर होगा होलिका दहन, तैयारियां पूर्ण

# बाजारों में होली की धूम : पिचकारियों और रंग-गुलाल से सजी दुकानें, होलिका का दहन आज

### होली के त्यौहार को लेकर बसों में यात्रियों की भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

फाल्गुन के महीने में रंगों का त्यौहार होली को लेकर नगर में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। जगह-जगह बाजार सज गए है, चारों तरफ रंगों की दुकानें दिखाई दे रही है। आज सोमवार को शहर में लगभग 70 स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा।

श्री हिन्दू उत्सव समिति द्वारा शांति एवं सोहार्दपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाने की आपील की है। वहीं जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी होली त्यौहार को लेकर मुस्तैद हैं।

होलिका दहन की तैयारियां भी जोरों पर हैं। शहर के विभिन्न मोहल्लों में होलिकाओं को सजाने का काम अंतिम चरण में है। वहीं कई स्थानों पर पारंपरिक शैली में होलिका एवं भक्त प्रहलाद की भी प्रतिमाएं बुलाई गईं हैं। कई स्थानों पर पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए गोबर से बनी गौकाष्ठ का उपयोग किया जा रहा है। आयोजकों का कहना है कि इससे लकड़ी की बचत होगी और प्रदूषण भी कम होगा।



### त्यौहार पर यात्री वाहनों में बढ़ी भीड़, बसों की हड़ताल भी स्थगित

होली पर्व को लेकर नगर सहित जिले में यात्री वाहनों में सवारियों की भीड़ बढ़ती जा रही है। शहर के बस स्टैंड पर सुबह से लेकर देर शाम तक यात्रियों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। वहीं 2 मार्च से बस ऑपरेटरों यूनियन द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल को भी स्थगित कर दिया है। त्यौहार पर अपने परिवार के साथ रंग खेलने की परंपरा को निभाने के लिए भोपाल, इंदौर, सागर आदि जिलों के बाहर काम करने वाले मजदूर, छात्र और कर्मचारी बड़ी संख्या में परिवार सहित अपने गांवों की ओर रुख कर रहे हैं।

### हर्बल गुलाल और खुशबूदार अबीर की मांग बढ़ी

बाजारों में रंगों हर्बल गुलाल में भी विविधता देखने को मिल रही है। हर्बल गुलाल, फूलों से बने प्राकृतिक रंग और खुशबूदार अबीर की मांग बढ़ी है। दुकानदारों का कहना है कि लोग अब केमिकल वाले रंगों से बचते हुए त्वचा-अनुकूल उत्पादों को प्राथमिकता दे रहे हैं।



### त्यौहार को लेकर प्रशासन एवं पुलिस पूरी तरह मुस्तैद

कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा एवं एसपी आशुतोष गुप्ता ने शहर में जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ की गई है। सीसीटीवी कैमरों की निगरानी और पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है, ताकि त्योहार शांति और उल्लास के साथ मनाया जा सके। कुल मिलाकर, रंगों के इस पर्व ने बाजार में नई ऊर्जा भर दी है। बच्चों के हाथों में रंग पिचकारियां, युवाओं की खरीदारी यह संदेश दे रहे हैं कि रायसेन पूरी तरह होली के रंग में रंग चुका है।

### होली को सजा हाट बाजार, रंग पिचकारी की दुकानों पर खरीदारी को भीड़

**दीवानगंज।** होली पर्व से दो दिन पहले दीवानगंज के साप्ताहिक हाट बाजार में रंग, गुलाल और पिचकारी की दुकानों की भरमार दिखाई दी। बाजार में सुबह से ही ग्रामीणों और बच्चों की भीड़ उमड़ पड़ी, जहां लोगों ने होली के रंग-गुलाल, पिचकारी, अबीर और अन्य पूजन सामग्री की खरीदारी की।

बाजार में छोटे बच्चों के लिए कार्टून-आकृति वाली पिचकारियां, टैंक पिचकारी और आधुनिक वाटरगन विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। वहीं विभिन्न रंगों के गुलाल और हर्बल रंगों की भी अच्छी बिक्री हुई। दुकानदारों ने बताया कि होली के एक दिन पहले खरीदारी सबसे अधिक होती है और देर शाम तक बाजार में रौनक बनी रहती है। ग्रामीण महिलाओं ने भी पूजन के लिए अबीर-गुलाल, नारियल और मिठाई की खरीदारी की। बच्चों में होली को लेकर खासा उत्साह देखा गया और वे रंग-पिचकारी पसंद करते नजर आए।

## बाड़ी पुलिस को हाथ लगी बड़ी सफलता

# मां हिंगलाज मंदिर में चोरी करने वाला चोर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन/बाड़ी

एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देशन में एएसपी कमलेश खरपुसे एवं बाड़ी एसडीओपी नीलम चौधरी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बाड़ी निरीक्षक राजेश तिवारी के कुशल नेतृत्व में थाना बाड़ी पुलिस टीम द्वारा देवी हिंगलाज माता मंदिर बाड़ी में चोरी करने वाले शातिर चोर आरोपी को तत्परतापूर्वक गिरफ्तार किया गया। एसडीओपी नीलम चौधरी ने बताया कि 22-23 फरवरी की दरमियानी रात्रि में माँ हिंगलाज माता मंदिर में अज्ञात शातिर आरोपी द्वारा मंदिर के गेट का ताला तोड़कर मंदिर में रखी दान पेटी से नगदी राशि एवं माता हिंगलाज के चांदी के आभूषण चोरी कर लिये गये थे।

फरियादी मंदिर गुरूजी रविन्द्र कुमार चौबे की रिपोर्ट पर थाना बाड़ी में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मुखबिर सूचना के आधार पर अज्ञात आरोपी की गहन तलाश की गई। तत्पश्चात आरोपी जितेन्द्र उर्फ जतिन उर्फ कान्हा सिकलीगर (बग्गा) पिता सागर सिंह, उम्र – 33 वर्ष, निवासी द्वारिकापुरी आकाश नगर, जिला इंदौर,हाल निवासी ग्राम सतवास, जिला देवास को गिरफ्तार किया। आरोपी के मेमोरेंडम कथन के आधार पर चोरी गया सामान, जेवर मुकुट चांदी का छत्र नगदी जब्त कानूनी कार्रवाई की गई।

शातिर आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों में चोरी, नकबजनी, लूट एवं मारपीट के कुल 15 प्रकरण पंजीबद्ध होना पाया गया है।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी, उनि. संजय यादव, उनि. विनीता विश्वकर्मा, सउनि. मोहन यादव, सउनि. जे.पी. वर्मा, प्रआर. जितेन्द्र, लक्ष्मीप्रसाद मालवीय, प्रेमसिंह दांगी, आर. रमाकान्त, देवेन्द्र सिंह, रामूसिंह की सराहनीय भूमिका रही।

# कार ने बाइक चालक को मारी टक्कर, एक घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

कस्बे में एक बार फिर तेज रफ्तार कार का कहर देखने को मिला। जहां एक कार चालक ने पेट्रोल भरवाने जा रहे युवक की मोटरसाइकिल को टक्कर मारकर उड़ा दिया। टक्कर से बाइक चला रहा युवक दूर जा गिरा और घायल हो गया। वहीं तेज़ रफ्तार कार चालक मौके से फरार हो गया।

जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को सांची सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी अनुसार कस्बे में स्तिथ सिद्धेश्वरी पेट्रोल टैंक के सामने शनिवार देर रात स्प्लेंडर मोटरसाइकिल एमपी 40 एमएक्स 5174 से 27 वर्षीय भूरा मीणा पिता मुंशीलाल निवासी गोरियाखेड़ा बेरखेड़ी चौराहे की और जा रहा था। जैसे ही भूरा मीणा ने मोटरसाइकिल पेट्रोल भरवाने के लिए मोड़ी तो भोपाल की और से आ रही तेज रफ्तार कार के चालक ने टक्कर मार दी।

### घाटी पर ड्राइवर व क्लीनर की सूझबूझ से टला हादसा

**दीवानगंज।** भोपाल विदिशा हाईवे स्थित बालमपुर घाटी पर रविवार को घाटी चढ़ते समय बीच में रुक गया। ट्रक गहरी खाई में गिरने की कगार पर पहुंच गया था। बताया गया कि ड्राइवर और क्लीनर ने घबराने के बजाय सूझबूझ से स्थिति संभाली। तत्काल जेसीबी मशीन की सहायता बुलाकर ट्रक को पीछे से धक्का दिलाया गया और सुरक्षित तरीके से घाटी के ऊपर चढ़ाया गया।

### दो बाइकों में भिड़ंत, एक की मौत, दो गंभीर

जिले की तहसील बेगमगंज में शनिवार देर रात सुमेर पुल के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस भीषण हादसे में एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान देवलापुर निवासी अमर बंसल के रूप में हुई है। दूसरी बाइक पर सवार सागोनी निवासी नितिन और मोनू इस दुर्घटना में बुरी तरह घायल हो गए। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया।

## रहवासियों की शिकायत पर भी विभाग गहरी नींद में

# खतरे से भरा रास्ता : सिर्फ दो बल्ली और बेरिकेड्स रखकर नाला पार कर रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

फॉलोअप

शहर के सांची मार्ग पर माता मंदिर के सामने स्थित फॉरेस्ट कॉलोनी के रहवासियों की मुश्किलें दिन व दिन बढ़ती ही जा रही है। वहीं प्रशासन और जिम्मेदार विभाग के अधिकारी आंख मूंदे कार्यालय में आराम फरमा रहे है।



ठेकेदार ने सड़क किनारे नाला निर्माण के लिए नाला तो खोद दिया है, लेकिन नाले का निर्माण करना भूल गया। गहरे गड्ढे के कारण अब रहवासियों को लंबा गड्ढा और गंदे पानी से भरे नाले को सिर्फ 2 बल्ली पर रखे बैरिकेड्स के सहारे पार करना पड़ रहा है। सांची मार्ग पर माता मंदिर के सामने स्थित फॉरेस्ट कॉलोनी में निवास कर रहे लोगों के घर के सामने खुदा पड़ा नाला मुसीबत बना हुआ है। उक्त नाले में गंदा पानी भी भरा हुआ है। नाले को पार करते समय अगर उसमें कोई गिर जाए तो बड़ी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता है।

रहवासियों ने बताया कि ठेकेदार ने गड्ढा खोदकर छोड़ दिया है, जिससे अब हमे आने जाने में भारी परेशानी झेलना पड़ती है। साथ ही कई तो गिरकर हम चौटिल्य भी हो चुके है। हमने विभाग को शिकायत भी की और सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई, इसके बावजूद अभी स्थिति जस की तस है।

कॉलोनी के रहवासियों ने बताया कि ठेकेदार और संबंधित जिम्मेदारों ने गड्ढे तो खोद दिए, लेकिन उसके बाद अधूरा निर्माण कार्य करने के बाद कार्य को अधूरा छोड़ दिया है।

**इनका कहना है**

हादसों के मद्देनजर एहतियात के तौर पर खुले पड़े नाले पर रहवासियों को आवागमन सुगम व सुचारू हो, इसके लिए अस्थायी इंतजाम किए जाएंगे।
- **रमन कुमार,** इंजीनियर पीडब्ल्यूडी।

# होने लगा गर्मी का अहसास अलसुबह पड़ रही हल्की सर्दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

मौसम ने करवट लेना शुरू कर दिया है। सर्दी अब विदाई की अंतिम बेला में पहुंच चुका है और दोपहर होते ही गर्मी लोगों को सताने लगी है। बीते कुछ दिनों से तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है, जिससे दिन के समय चटक धूप का असर साफ दिखाई दे रहा है। हालांकि सुबह के समय अब भी हल्की सर्दी का एहसास बना हुआ है।

नगर के प्रमुख स्थल बजरंग चौराहे पर अल सुबह से देर रात तक रहने वाली रौनक में कमी देखी गई। दोपहर के समय बाजार में अपेक्षाकृत कम भीड़ नजर आई। गर्मी के कारण लोग जरूरी काम निपटाकर घरों में ही रहना बेहतर समझ रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि दोपहर के समय ग्राहकों की संख्या में गिरावट आई है।

नागरिकों का अनुमान है कि रंग पंचमी के बाद गर्मी और तेज हो सकती है। पिछले वर्षों के अनुभव के आधार पर लोग मान रहे हैं कि मार्च के दूसरे सप्ताह से तापमान में और वृद्धि होगी। फिलहाल सुबह-शाम हल्की ठंडक राहत दे रही है, लेकिन दिन का तापमान बढ़ने से मौसम में बदलाव स्पष्ट रूप से महसूस किया जा रहा है।

### पश्चिमी विक्षोभ का असर : आसमान में छाए रहेंगे बादल, 2-3 डिग्री बढ़ेगा पारा

**रायसेन।** जिले में मौसम में एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम का मिजाज बदलता नजर आ रहा है। रविवार को आसमान में हल्के बादल छाए रहे, जिससे धूप की तीव्रता में थोड़ी कमी महसूस की गई। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में दिन के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं रात का तापमान भी सामान्य से अधिक रहने की संभावना जताई गई है।

मौसम वैज्ञानिक डॉ एसएस तोमर का कहना है कि वर्तमान में प्रदेश के ऊपर कई तरह के मौसम तंत्र सक्रिय हैं। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के साथ ही हवाओं की दिशा में बदलाव देखा जा रहा है। इसके चलते वातावरण में नमी बनी हुई है। जिससे हल्के बादलों का आना-जाना जारी है। यदि नमी का स्तर बढ़ता है तो कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी भी हो सकती है।

# नर्मदा वैली स्कूल में हुआ माता-पिता पूजन दिवस कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था नर्मदा वेली स्कूल में होली के पूर्व माता-पिता पूजन दिवस का कार्यक्रम हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं उनके माता-पिता बुजुर्गों के साथ टीम पहल आश्रम में निवास करने वाले वृद्धो की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने भावुक कर देने वाले गीत, नृत्य,




नाटक प्रस्तुत कर सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के दौरान सबसे अधिक भावुक कर देने वाला क्षण था जब बच्चों ने अपने माता-पिता बुजुर्गों के चरणों में पुष्प अर्पित कर परिक्रमा कर आशीर्वाद लिया। प्रेम सम्मान और कृतज्ञता के भावों से भरी सभी चेहरों पर चमक गर्भ उज्वल भविष्य दिखाई दे रहा था। सम्मान प्रेम ही जीवन का सबसे बड़ा सहारा है।

कार्यक्रम के दौरान नर्मदा एजुकेशन वैली स्कूल के संचालक हरेंद्र रघुवंशी ने कहा कि पलकों ने हम पर विश्वास कर बच्चों को सौंपा इसके लिए आभारी है। बच्चों को शिक्षा के साथ श्रेष्ठ संस्कार विकसित करना भी हमारा उद्देश्य है।

### कॉम्बिंग गश्त में पुलिस अधिकारियों द्वारा जिला बदर बेमियादी वारंटियों की धरपकड़, आरोपियों में हड़कंप

**रायसेन।** जिले में पुलिस अधिकारियों द्वारा बीती रात 11 बजे से वारंटियों की धरपकड़ की। एसपी आशुतोष गुप्ता, एएसपी कमलेश खरपुसे, समस्त एसडीओपी के नेतृत्व में थानावार टीमें गठित कर स्थाई, फरार वारंटियों की धरपकड और गुंडा, बदमाश सहित अपराधिक लोगों की निगरानी के लिए कॉम्बिग गश्त की गई। कॉम्बिंग गश्त के दौरान थानावार पुलिस टीम ने 57 स्थाई वारंटी गिरफ्तार किए। 77 गिरफ्तारी वारंट तामिली कराए गए। जिले के राजपत्रित अधिकारियों पुलिस द्वारा अपने-अपने अधीनस्थ थाना प्रभारियों के साथ मय पुलिस बल के शहर एवं देहात क्षेत्र में कॉम्बिंग गश्त किया। कॉम्बिंग गश्त से पूर्व अनुभाग वार पुलिस बल को अलग-अलग स्थानों पर एकत्रित किया जाकर फोर्स को ब्रीफ किया गया। इसके बाद अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कॉम्बिंग गश्त के लिए रवाना किया गया।

## त्यौहारों पर शांति व्यवस्था के लिए हुई शांति समिति की बैठक

# त्यौहार भाईचारे के साथ मनाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

आने वाले दिनों में होली, रंगपंचमी एवं ईद के त्यौहार शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो। थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में स्थानीय अधिकारिओं के साथ हिन्दू मुस्लिमों, गणमान्य नागरिकों नगर परिषद, हिन्दू उत्सव समिति, मुस्लिम त्यौहार कमेटी के पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

बैठक में एसडीएम सन्तोष मुदगल, एसडीओपी कुंवर सिंह मुकासी, टीआई कपिल गुप्ता, नगर परिषद अध्यक्ष हेमन्त राजा भैया चौधरी, उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, हिउस के अध्यक्ष दिनेश बबेले, राधेश्याम पालीवाल, संजय शर्मा, मुस्लिम त्यौहार कमेटी अध्यक्ष अंसार पटेल के साथ नगर के गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों, पत्रकारों की उपस्थिति रही।

**बैठक में एसडीएम, थाना प्रभारी, नप अध्यक्ष, हिउस अध्यक्ष सहित गणमान्य नागरिक रहे उपस्थित**

**अधिकारियों ने होली, रंगपंचमी पर शांति सद्भावना का माहौल बनाने के साथ सावधानी का आग्रह किया**



भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने का संकल्प

होली, रंग पंचमी एवं ईद का त्यौहार शांति सद्भाव, सौहार्द के साथ मनाने पर विभिन्न व्यवस्थाओं पर बैठक के दौरान चर्चा की गई। त्यौहारों पर नगर में साफ-सफाई एवं पुलिस व्यवस्था को चुस्त रखने, सम्वेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने, असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने, के साथ कार्यवाही किए जाने की बात कही।

### त्यौहार पर नियमों का पालन जरूरी

बैठक में उपस्थित राजस्व, पुलिस अधिकारियों ने होली, रंगपंचमी पर शांति सद्भावना का माहौल बनाये रखने के साथ लाउडस्पीकर डीजे का उपयोग नियमों के पालन करने के साथ, करने का आग्रह किया। कहा कि सभी एक-दूसरे और भावनाओं का सम्मान कर भडक़ाउ बातों से दूर रहें। किसी को अकारण असुविधा न हो इसका ध्यान मान-सम्मान रखना जरूरी है।

# श्री कृष्ण की रास लीलाओं के साथ हुई कंस वध की कथा, आज होगा समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

श्रीशिव महिला मंडल के द्वारा आयोजित 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के 6 वे दिन कथा व्यास डॉ. पू. मंहत प्रज्ञा भारती ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, महारास, राधा कृष्ण की नटखट लीलाओं का भक्ति गीत, संगीत के साथ वर्णन किया। कंस वध के साथ द्वारकाधीश बनने की कथाओं का विस्तार से वर्णन किया। श्रीकृष्ण रुकमणी विवाह की झांकी सजा कर विवाह की विभिन्न रस्मों को उत्साह पूर्वक कथा श्रवण कर रही महिलाओं द्वारा निभाया गया।

पिछले 30 वर्षो से शिव महिला मंडल की महिलाओं द्वारा सक्रियता पूर्वक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष रेवा पुत्री डॉ. प्रज्ञा भारती द्वारा ब्रज एवं स्थानीय भाषा में भागवत कथा के प्रमुख प्रसंगों का प्रभाविक सहज-सरल भाषा में वर्णन कर श्रीकृष्ण को सर्मपित भक्तिमयी जीवन जीने का संदेश दिया जा रहा है। कथा के दौरान कृष्ण कन्हैया की नटखट लीलाओं और ब्रजभूमि से विदाई के दौरान गोपियों के व्रह गीतों पर महिलाएं नाचती झूमती रही।

श्रीकृष्ण के द्वारकाधीश बनने रुकमणी संघ विवाह की कथा का विस्तार से वर्णन करते हुए श्रीकृष्ण के अपने भक्तों के मदद के लिए आने, असुरों के संघार की कथा के माध्यम से कहा कि ईश्वर दयालु है, सर्वव्यापी है, सभी की मदद करते है, जीव को अपने कर्म के अनुसार फल मिलता और भोगना पड़ता है।

7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आज सोमवार को श्रीकृष्ण और उनके बाल सखा सुदामा प्रसंग के साथ समापन होगा।

### श्रीकृष्णा-रुक्मिणी का विवाह हुआ

